जनता से रिश्ता
www.jantaserishta.com

BIG BREAKING: नकली नोटों का जखीरा बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

Moradabad. मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश की मुरादाबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकली नोटों का जखीरा बरामदकिया है. मुरादाबाद की थाना मझोला पुलिस ने एक गोपनीय सूचना पर जयंतीपुर इलाके में छापा मार कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से 2 लाख रुपये से अधिक की नकली नोट बरामद की है. फिलहाल पुलिस मामले आगे की कार्रवाई की कर रही है. मुरादाबाद पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपी कंप्यूटर स्कैनर की मदद से नकली नोट प्रिंट कर उसे शाम के वक्त बाजार में चलाते थे. काफी दिनों से इलाके के दुकानदारों को नकली नोट मिलने की सूचना पुलिस को मिल रही थी, जिसके बाद पुलिस ने मुखबिरों की मदद से इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

Source: https://jantaserishta.com/national/big-breaking-a-cache-of-fake-notes-recovered-3-accused-arrested-3717800